स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में भिलाई को नंबर वन बनाने एस.बी.एम. इंजीनियर की हुई नियुक्ति सभी जोन से एक-एक इंजीनियर स्वच्छ सर्वेक्षण की गाइडलाइन अनुरूप करेंगे काम

भिलाई नगर/ स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में भिलाई निगम को स्वच्छता रैंकिंग में नंबर वन बनाने के लिए एसबीएम इंजीनियर की नियुक्ति आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कर दी है। इसमें निगम के प्रत्येक जोन से एक-एक उप अभियंता को शामिल किया गया है , यह अभियंता स्वच्छ सर्वेक्षण की गाइडलाइन के तहत स्टार रेटिंग , ओडीएफ प्लस प्लस एवं वाटर प्लस प्लस के दिशा निर्देश अनुरूप कार्य का संपादन करेंगे। इसके अतिरिक्त जोन में स्थित समस्त सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का संधारण कार्य किया जाकर स्वच्छ सर्वेक्षण एवं ओडीएफ प्लस प्लस के दिशा निर्देश अनुसार, जोन में स्थित बड़े नालों एवं नालियों में सीटी प्रोफाइल अनुसार लोहे की जाली लगाया जाना, सिटी प्रोफाइल अनुसार जोन में स्थित समस्त सार्वजनिक क्षेत्र , व्यवसायिक क्षेत्र, रहवासी क्षेत्र, उद्यान, बल्क वेस्ट जनरेटर, डंपसाइट, तालाबों में संकेतिक बोर्ड लगाए जाने का काम तथा जोन में स्थित मुख्य मार्गों पर रोड मार्किंग जेबरा क्रॉसिंग इत्यादि का कार्य करेंगे। एसबीएम इंजीनियर की टीम में नेहरू नगर जोन से उप अभियंता श्वेता वर्मा , वैशाली नगर जोन से निकहत शबरीन , मदर टैरेसा नगर जोन से प्रिया खैरवार , शिवाजी नगर जोन से चंद्रकांत साहू एवं सेक्टर 5 जोन कार्यालय से श्वेता महेश्वर को नियुक्त किया गया है। इन सभी अभियंताओं को जारी आदेश के अनुसार पालन करने कहा गया है।